# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## मार्च भाग-2 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोनः 8750187501
ई-मेलः online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   1. रमन थर्मोमेट्री तकनीक का उपयोग माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में स्थानीय तापमान के निर्धारण हेतु किया जाता है।
   2. रमन प्रकीर्णन प्रभाव का उपयोग तापमान का पता लगाने हेतु किया जाता है।
   3. सी.वी. रमन को रमन प्रभाव की खोज हेतु नोबेल पुरस्कार दिया गया।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. सीबकथॉर्न एक झाड़ी है जो भारत के शीत मरुस्थल में पाई जाती है।
   2. भारत का शीत मरुस्थल हिमालय में लद्दाख से लेकर सिक्किम तक फैला हुआ है।

   उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. 'भादर नदी' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. भादर नदी का उद्गम मालवा पठार क्षेत्र से होता है।
   2. यह अरावली से होकर बहती है और अंत में अरब सागर में मिलती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य में विधानसभा और स्थानीय निकायों के चुनाव आयोजित करने का दायित्व सौंपा गया है।
   2. राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

5. भारत में शरणार्थी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

   1. राज्य सरकारों के पास किसी भी विदेशी को शरणार्थी का दर्जा देने का अधिकार नहीं है।
   2. भारत वर्ष 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन का सदस्य नहीं है।

**नोट :**

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

6. भारत के शास्त्रीय नृत्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केरल के कथकली और मोहिनीअट्टम भारत के आठ शास्त्रीय नृत्यों में शामिल हैं।
2. कल्लादीकोडन शैली मोहिनीअट्टम की एक प्रमुख नृत्य शैली है।
3. गुरु चेमनचेरी कुन्हीरमण नायर एक प्रमुख भरतनाट्यम नर्तक थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 1 और 3

7. प्रोजेक्ट RE-HAB के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह मानव आवासों में हाथियों के हमलों को कम करने के लिये शुरू किया गया है।
2. यह राष्ट्रीय शहद मिशन का एक उप-मिशन है।
3. यह प्रोजेक्ट खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी किया जाता है।
2. औद्योगिक श्रमिकों के लिये CPI श्रम और रोज़गार मंत्रालय में 'श्रम ब्यूरो' द्वारा संकलित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के हथियारों का आयात वर्ष 2011-2015 से वर्ष 2016-2020 की अवधि में बढ़ा है।
2. भारत का वर्ष 2016-2020 की अवधि में संयुक्त राज्य अमेरिका सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्त्ता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट में स्थित है और नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है।
2. श्रीविल्लिपुथुर मेघमलाई टाइगर रिज़र्व तमिलनाडु में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुच्छेद 239AB राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में विधानसभा के निर्माण से संबंधित है।
2. अनुच्छेद 239AA राजधानी दिल्ली के लिये एक विधानसभा की व्यवस्था करता है, जो राज्य सूची और समवर्ती सूची के तहत सभी विषयों पर कानून बना सकती है।
3. वर्तमान में केवल पुदुचेरी, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर केंद्रशासित प्रदेशों में विधानसभा मौजूद है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. केवल 2 और 3

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पर्यावरण में भारी धातुओं का निष्कासन प्राकृतिक स्रोतों द्वारा किया जाता है।
2. पेयजल में पाए जाने वाली भारी धातुओं का मानव शरीर पर लाभकारी प्रभाव पड़ता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'संसद स्थानीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम (MPLADS) एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
2. राज्यसभा के मनोनीत सदस्य MPLAD योजना की धनराशि का उपयोग करने के हकदार नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेरियार नदी पश्चिमी घाट की शिवगिरी पहाड़ियों से निकलती है।
2. चेरुथोनी और पेरिनजंकुट्टी पेरियार नदी की सहायक नदियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. गुरुत्वाकर्षण तरंगों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुरुत्वाकर्षण तरंगें केवल तभी उत्पन्न होती हैं जब दो ब्लैकहोल एक-दूसरे में विलीन हो जाते हैं।
2. ये प्रकाश की गति से यात्रा करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

16. विनियोग विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सरकार को भारत की संचित निधि से धन की निकासी करने में सक्षम बनाता है।
2. सरकार को विनियोग विधेयक पर राज्यसभा की सिफारिशों को मानना अनिवार्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. 'तराई आर्क लैंडस्केप' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पश्चिम में यमुना नदी और पूर्व में बागमती नदी के बीच स्थित एक खंड है।
2. यह केवल उत्तर प्रदेश और बिहार राज्य में विस्तृत है।
3. कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व और वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व इस क्षेत्र का हिस्सा हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

18. 'पीलीभीत टाइगर रिज़र्व' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2020 में इसने बीते चार वर्षों में बाघों की संख्या को दोगुना करने के लिये TX2 अवार्ड भी जीता था।
2. यह ऊपरी गंगा के मैदान में 'तराई आर्क लैंडस्केप' के हिस्से का निर्माण करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. बजट अधिनियम के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिये:

1. सामान्य चर्चा
2. विनियोग विधेयक का पारित होना
3. वित्त विधेयक पारित करना
4. अनुदान की मांगों पर मतदान
5. संसद में प्रस्तुति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. 1-2-3-4-5
B. 5-1-4-2-3
C. 5-1-4-3-2
D. 5-1-3-4-2

20. भारत की संचित निधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद-266 के तहत किया गया है।
2. इसमें केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त सभी प्रकार के कर और गैर-कर राजस्व शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

21. तपेदिक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह जीवाणु के कारण होता है।
2. यह एक वेक्टर जनित रोग है।
3. इसकी रोकथाम एवं उपचार दोनों संभव है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

a केवल 1
b केवल 2
c केवल 1 और 3
d 1, 2 और 3

22. प्राय: समाचारों में देखी जानी वाले जस्टिस के.टी. थॉमस समिति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

A. अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध की रोकथाम।
B. सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की रोकथाम।
C. पश्चिमी घाट के नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों का संरक्षण।
D. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय।

23. अनंगपाल द्वितीय के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही/हैं ?

1. 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच वह वर्तमान दिल्ली और हरियाणा के शासक थे।
2. तराइन के युद्ध में वह गोरी की सेना से पराजित हुए।
3. उन्होंने ढिल्लिका पुरी की स्थापना की थी

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत की सबसे कम प्रदूषित नदियों में से एक है।
2. इसका उद्गम स्थल विंध्य पर्वत है।
3. बनास, काली सिंध, शिप्रा, पार्वती इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।

उपर्युक्त कथन भारत की निम्नलिखित में से किस नदी को संदर्भित करते हैं?

A. नर्मदा

B. ताप्ती

C. सोन

D. चंबल

25. वाहन स्क्रैपिंग नीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस नीति को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया है।
2. इसमें वायु प्रदूषण को कम करने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की परिकल्पना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

26. 'रणथंभौर बाघ अभयारण्य' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सतपुड़ा तथा विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं के संगम पर स्थित है।
2. कैलादेवी अभयारण्य, रणथंभौर बाघ अभयारण्य का हिस्सा है।
3. चंबल और उसकी सहायक बनास नदी रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान से बहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

27. वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट, 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह GDP, सामाजिक सहयोग और उदारता की स्थिति के आधार पर देशों की रैंकिंग करता है।
2. नॉर्वे राष्ट्रीय आय पर, राष्ट्रीय खुशहाली के महत्त्व पर ज़ोर देने वाला प्रथम देश था।
3. फिनलैंड को लगातार चौथे वर्ष विश्व का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. केवल 3

नोट :

28. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. खुला बाज़ार परिचालन का आशय सरकार द्वारा मुक्त बाज़ार में जारी किये गए बॉण्ड की बिक्री एवं खरीद से है।
    2. यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रयोग किये जाने वाला एक गुणात्मक मौद्रिक उपकरण है, जिसका उपयोग रिज़र्व बैंक द्वारा ब्याज दरों और मुद्रास्फीति पर तरलता के प्रभाव को कम करने के लिये किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

29. अनुपूरक अनुदान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 116 में अनुपूरक अनुदान का प्रावधान किया गया है।
    2. अनुपूरक अनुदान को उसी प्रक्रिया द्वारा विनियमित किया जाता है जैसे बजट को किया जाता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो और 1 न ही 2

30. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. ग्लूटेन स्वाभाविक रूप से कुछ खाद्य अनाजों में पाया जाता है।
    2. सीलिएक रोग, ग्लूटेन असहिष्णुता का सबसे गंभीर रूप है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

31. यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में निम्नलिखित में से कौन शामिल हैं?

    1. जल्लीकट्टू
    2. कुंभ मेला
    3. पारंपरिक वैदिक जप
    4. कालबेलिया गीत और नृत्य

    नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1 और 3
    D. केवल 2, 3 और 4

32. सराईघाट की लड़ाई के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. यह लड़ाई अहोम और मुगल साम्राज्य के बीच लड़ी गई थी।
    2. यह युद्ध ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर लड़ा गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्राम उजाला कार्यक्रम एक ऐसी योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ते एलईडी बल्ब प्रदान करती है।
2. ग्राम उजाला कार्यक्रम को पूर्णरूप से बिजली मंत्रालय से प्राप्त सब्सिडी द्वारा वित्तपोषित किया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो1 और न ही 2

34. संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह बच्चों के साथ-साथ महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सामान्य कल्याण में सुधार के लिये राष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करने हेतु समर्पित है।
2. इसे वर्ष 1965 में शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

35. 'डिप्थीरिया' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह रोग वायरस के कारण होता है।
2. विश्व स्तर पर डिप्थीरिया के मामलों की संख्या में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है।
3. पिछले एक दशक के दौरान भारत में 'डिप्थीरिया' के मामलों में धीरे-धीरे गिरावट देखी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केन और बेतवा नदियाँ यमुना नदी की सहायक नदी हैं।
2. केन-बेतवा लिंक परियोजना का उद्देश्य उत्तर प्रदेश की बेतवा नदी के अधिशेष जल को मध्य प्रदेश की केन नदी में हस्तांतरित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

37. 'शेख मुजीबुर रहमान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने बांग्लादेश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं उसके बाद राष्ट्रपति के तौर पर अपनी सेवाएँ दीं।
2. उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान के लिये राजनीतिक स्वायत्तता की वकालत की।
3. उन्हें गांधी शांति पुरस्कार, 2020 के लिये चुना गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

38. आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन (CDRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CDRI को वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।
2. CDRI का सचिवालय पेरिस में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

39. भारत में जलवायु वित्तपोषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जलवायु परिवर्तन वित्त इकाई (CCFU) की स्थापना जलवायु परिवर्तन के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत की गई थी।
2. CCFU पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत सभी जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण मामलों के लिये एक नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. भगत सिंह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन (HRA) के सदस्य थे।
2. उन्होंने 'नौजवान भारत सभा' नाम से एक उग्रवादी युवा संगठन शुरू किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सभी राइनो प्रजातियों में से केवल एक-सींग वाला गैंडा भारत में पाया जाता है।
2. भारत में गैंडे मुख्य रूप से असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं।
3. एक-सींग वाले गैंडे को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य की श्रेणी में रखा गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

42. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान के विषय में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे बाघ अभयारण्य और यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया गया है।
2. यह राष्ट्रीय उद्यान ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

43. डॉ.राम मनोहर लोहिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह 1934 में स्थापित कॉन्ग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (CSP) का हिस्सा थे।
2. उन्होंने भूमिगत रहते हुए भारत छोड़ो आंदोलन के लिये समर्थन जुटाया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

44. सिंधु जल संधि, 1960 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संधि वर्ष 1960 में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता में संपन्न हुई थी।
2. भारत, पाकिस्तान और चीन ने सिंधु नदी के जल को साझा करने हेतु इस संधि पर हस्ताक्षर किये हैं।
3. भारत को सतलज, ब्यास और रावी नदियों पर जल-विद्युत उत्पादन का अधिकार दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अनुसूचित बैंकों को सामूहिक रूप से मार्केट इन्फ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन (MII) के रूप में संदर्भित किया जाता है।
2. भारत में स्टॉक एक्सचेंज एक बाज़ार के रूप में कार्य करता है जहाँ वित्तीय दस्तावेज़ों का कारोबार होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में मैंग्रोव कवर के तहत ओडिशा का क्षेत्रफल सबसे अधिक है।
2. सुंदरबन डेल्टा दुनिया का एकमात्र मैंग्रोव जंगल है जो बाघों का निवास स्थान है।
3. सुंदरबन क्षेत्र वर्ष 2020 में गति (Gati) नामक चक्रवात से प्रभावित हुआ था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

47. पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पंचायती राज संस्थाओं का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 244 के अंतर्गत किया गया।
2. 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक स्थिति प्रदान की गई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. लोकपाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लोकपाल एक संवैधानिक निकाय है।
2. लोकपाल का मंत्रियों पर अधिकार क्षेत्र है, यहाँ तक कि संसद में कही गई बातों के विषय में भी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. भारतीय संविधान की छठी अनुसूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल असम, मेघालय और मिज़ोरम राज्यों में जनजातीय आबादी के अधिकारों को अभिरक्षा प्रदान करती है।
2. यह अनुसूची 'स्वायत्त ज़िला परिषदों' (ADCs) के माध्यम से जनजातीय क्षेत्रों को प्रशासनिक व्यवस्था प्रदान करती है।
3. स्वायत्त ज़िला परिषदों को भूमि राजस्व तथा कुछ अन्य करों का संग्रह करने का भी अधिकार प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2 और 3

50. शिगमो उत्सव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गोवा के आदिवासी समुदायों द्वारा धान की एक समृद्ध और सुनहरी फसल के लिये किया जाने वाला उत्सव है।
2. इस उत्सव में घोड़े मोदिनी नृत्य किया जाता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) को संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।

2. CJI की नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश के आधार पर की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'चुनावी बॉण्ड' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को दान देने हेतु एक वित्तीय साधन है।

2. भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने हेतु अधिकृत बैंक है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. हीलियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: .

1. यह एक एकल परमाण्विक गैस है जिसका क्वथनांक अन्य सभी तत्त्वों की तुलना में निम्न है।

2. भारत के राजमहल ज्वालामुखी बेसिन में हीलियम का भंडार है।

3. कतर विश्व में हीलियम का सबसे बड़ा निर्यातक देश है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

54. 'बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट' किसके द्वारा जारी की जाती है?

A. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड

B. भारतीय रिज़र्व बैंक

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

D. विश्व बैंक

55. नेट-ज़ीरो उत्सर्जन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :

1. यह वायुमंडल में नेट-ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन को संदर्भित करता है।

2. भारत का लक्ष्य 2050 तक नेट-ज़ीरो उत्सर्जन की स्थिति प्राप्त करना है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

56. केंद्रीय सूचना आयोग के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

1. यह एक संवैधानिक निकाय है।
2. आयोग के सदस्यों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति की सिफारिश पर की जाती है।
3. मुख्य सूचना आयुक्त के पद या कार्यकाल की अवधि 5 वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक होती है।

नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

57. 'वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2021: डेटा फॉर बेटर लाइव्स' को निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रकाशित किया गया है?

A. संयुक्त राष्ट्र

B. विश्व बैंक

C. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

D. विश्व आर्थिक मंच

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सवाना (या बुश) हाथी और वन हाथी अफ्रीकी हाथियों की दो उप-प्रजातियाँ हैं।
2. अफ्रीकी वन हाथियों को IUCN की रेड लिस्ट में 'गंभीर संकटग्रस्त' प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. अफ्रीकी हाथी एक कीस्टोन प्रजाति है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. केवल 2 और 3

D. 1, 2 और 3

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार किजिये:

1. अर्थ ऑवर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य गैर-ज़रूरी प्रकाश के उपयोग से बचने के लिये लोगों को एक घंटे तक लाइट्स ऑफ करने के लिये प्रोत्साहित करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

60. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| राजवंश | क्षेत्र |
|---|---|
| 1. कत्यूरी राजवंश | गुजरात |
| 2. चंदेल | बुंदेलखंड |
| 3. पाल | बंगाल |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

61. 'स्वदेश दर्शन योजना' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह देश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास हेतु शुरू की गई एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. संस्कृति मंत्रालय इस योजना के तहत सर्किट के विकास के लिये राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

62. 'निसार' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह इसरो (ISRO) और जाक्सा (JAXA) का संयुक्त मिशन है।
2. निसार को भू-समकालिक कक्षा में लॉन्च किया जाएगा।
3. इस मिशन हेतु एस-बैंड रडार और प्रमोचन वाहन इसरो द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

उपर्युक्त कथनों में से-कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. खजुराहो के मंदिर वास्तुकला की 'वेसर' शैली से संबंधित हैं।
2. खजुराहो के मंदिरों का निर्माण बादामी के चालुक्यों द्वारा करवाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

64. भारत और जापान के रक्षा बलों के बीच निम्नलिखित में से किन द्विपक्षीय अभ्यासों का आयोजन किया जाता है?

1. जिमेक्स
2. शिन्यु मैत्री
3. धर्म गार्जियन
4. मालाबार अभ्यास

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

65. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केप अगुलहास अफ्रीका का सबसे दक्षिणी बिंदु है।
2. अगुलहास धारा हिंद महासागर की एक ठंडी जलधारा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि The Vision

## व्याख्या भाग - 2

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यह एक थर्मल तकनीक है जिसमें माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक सिस्टम (Microelectronics Systems) में स्थानीय तापमान को निर्धारित करने हेतु रमन प्रकीर्णन घटना का उपयोग किया जाता है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
- वर्ष 1928 में रमन प्रभाव या रमन स्कैटरिंग को प्रख्यात भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकटरमन द्वारा एक स्पेक्ट्रोस्कोपी (Spectroscopy) घटना के रूप में खोजा गया।
- वर्ष 1930 में सर चंद्रशेखर वेंकट रमन को इस उल्लेखनीय खोज हेतु नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया जो विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु भारत का पहला नोबेल पुरस्कार था। अत: कथन 3 सही है।

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- यह एक झाड़ी (Shrub) होती है जो नारंगी-पीले रंग की खाने योग्य बेरों का उत्पादन करती है।
  - भारत में यह पौधा हिमालय क्षेत्र में ट्री लाइन से ऊपर पाया जाता है। आमतौर पर लद्दाख के सूखे क्षेत्रों और स्पीति के ठंडे रेगिस्तानी क्षेत्रों में। अत: कथन 1 सही है।
  - हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में एक बड़ा हिस्सा इससे आच्छादित है।
- भारत का शीत मरुस्थल हिमालय में स्थित है जो उत्तर में लद्दाख से लेकर दक्षिण में किन्नौर (हिमाचल प्रदेश राज्य) तक फैला है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - इस क्षेत्र में वर्षा बहुत कम होती है और बहुत अधिक ऊँचाई (समुद्र तल से 3000-5000 मीटर अधिक) जैसी कठोर जलवायु स्थितियाँ विद्यमान हैं, जो वातावरण में ठंड बढ़ाती है।
  - यहाँ की मिट्टी बहुत उपजाऊ नहीं है और जलवायु की स्थिति बहुत कम मौसमों में भू- परिदृश्यों का निर्माण करती है।

3.

उत्तर: D

व्याख्या

- भादर नदी, गुजरात में काठियावाड़ (सौराष्ट्र) प्रायद्वीप की प्रमुख नदियों में से एक है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भादर नदी का उद्गम समुद्र तल से 261 मीटर की ऊँचाई पर राजकोट ज़िले के जसदान तालुका से हुआ है।
- यह सौराष्ट्र क्षेत्र से होकर बहती है और अंत में नवीबंदर (पोरबंदर) के रास्ते अरब सागर में मिल जाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इस नदी की कुल लंबाई 198 किमी. है।

4.

उत्तर: D

व्याख्या

- राज्य निर्वाचन आयोग को राज्य में स्थानीय निकायों के लिये स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित कराने का कार्य प्रदान किया गया है।
  - राज्य विधानसभा चुनावों का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अनुच्छेद 243(K)(1): संविधान के इस अनुच्छेद के मुताबिक, पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के लिये निर्वाचन नामावली तैयार करने और चुनाव आयोजित करने हेतु अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण संबंधी सभी शक्तियाँ राज्य निर्वाचन आयोग में निहित होंगी, इसमें राज्यपाल द्वारा नियुक्त राज्य चुनाव आयुक्त सम्मिलित हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

- ◆ नगरपालिकाओं से संबंधित प्रावधान अनुच्छेद 243(Z)(A) में शामिल हैं।
- अनुच्छेद 243(K)(2): इस अनुच्छेद में कहा गया है कि राज्य चुनाव आयुक्त की शक्तियाँ और कार्यकाल को राज्य विधायिका द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार निर्देशित किया जाएगा। अनुच्छेद के मुताबिक, राज्य चुनाव आयुक्त को केवल उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के अभियोग की प्रक्रिया का पालन करते हुए हटाया जा सकता है।

5.

उत्तर: C

व्याख्या:

- गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affair) ने नगालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम और अरुणाचल प्रदेश को म्याँमार से भारत में अवैध अंतर्वाह की जाँच करने का निर्देश दिया है।
- राज्य सरकारों के पास "किसी भी विदेशी को शरणार्थी का दर्जा" देने की शक्ति नहीं है और भारत वर्ष 1951 के संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी सम्मेलन तथा उसके प्रोटोकॉल (वर्ष 1967) का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
  - ◆ यह संयुक्त राष्ट्र (United Nation) की एक बहुपक्षीय संधि है, जिसमें शरणार्थी की परिभाषा, उनके अधिकार तथा हस्ताक्षरकर्त्ता देश की शरणार्थियों के प्रति ज़िम्मेदारियों का भी प्रावधान किया गया है।
  - ◆ यह संधि युद्ध अपराधियों, आतंकवाद से जुड़े व्यक्तियों को शरणार्थी के रूप में मान्यता नहीं देती है।

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में आठ प्रकार के शास्त्रीय नृत्य हैं-
- भरतनाट्यम (तमिलनाडु)
- कथक (उत्तर भारत)
- कथकली (केरल)
- मोहिनीअट्टम (केरल)
- कुचिपुड़ी (आंध्र प्रदेश)
- ओडिसी (ओडिशा)
- सत्रीया (असम)
- मणिपुरी (मणिपुर)। अत: कथन 1 सही है।
- कल्लादीकोडन शैली कथकली की तीन प्रमुख शैलियों में से एक है, जबकि अन्य दो शैलियाँ वेट्टाथु और कपलिंगडु हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - ◆ कल्लादीकोडन शैली के तीन पहलुओं में नृत्त (नृत्य की लय उनके मूल रूप में), नृत्य (अभिव्यंजक घटक यानी मुद्राएँ या इशारे) और नाट्य (नृत्य का नाटकीय तत्त्व यानी पात्रों की नकल) को समान महत्त्व दिया जाता है।
- हाल ही में प्रसिद्ध कथकली नर्तक गुरु चेमनचेरी कुन्हीरमण नायर का निधन केरल के कोझिकोड में 105 वर्ष की आयु में हो गया। अत: कथन 3 सही नहीं है।

7.

उत्तर: D

व्याख्या:

- प्रोजेक्ट RE-HAB (मधुमक्खियों का उपयोग कर हाथी-मानव हमलों को कम करना) को हाल ही में कर्नाटक में शुरू किया गया है, जो मानव-हाथी संघर्ष को कम करने के लिये जंगल और गाँवों की सीमा पर मधुमक्खी के बक्सों को स्थापित करने पर ज़ोर देता है।

- यह मानव बस्तियों में हाथियों के हमलों को विफल करने के लिये "मधुमक्खियों द्वारा निर्मित एक बाड़" संबंधी कार्यक्रम है। अत: कथन 1 सही है।
  - मधुमक्खी के बक्सों के माध्यम से हाथियों को नुकसान पहुँचाए बिना उन्हें रोका जा सकेगा।
  - यह खाई खोदने या बाड़ बनाने जैसे विभिन्न अन्य उपायों की तुलना में अत्यधिक लागत प्रभावी है।
- यह क्षेत्र 'नागरहोल नेशनल पार्क और टाइगर रिज़र्व' की परिधि में स्थित है, जिसे मानव-हाथी संघर्ष क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है।
- यह परियोजना खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) की एक पहल है। अत: कथन 3 सही है।
- यह KVIC के राष्ट्रीय शहद मिशन का एक उप-मिशन है। अत: कथन 2 सही है।

8.

उत्तर: C

व्याख्या

- यह सूचकांक खुदरा खरीदार के दृष्टिकोण से मूल्य परिवर्तन को मापता है। इसे राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के तहत भारतीय उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं जैसे- खाद्य, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद आदि की कीमत में परिवर्तन की गणना करता है।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के तहत खाद्य एवं पेय पदार्थ, ईंधन एवं प्रकाश, आवास एवं कपड़े, बिस्तर एवं जूते सहित कई उप-समूह शामिल हैं।
- CPI के निम्नलिखित चार प्रकार हैं:
  - औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI
  - कृषि मज़दूर (AL) के लिये CPI
  - ग्रामीण मज़दूर (RL) के लिये CPI
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)
- औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI, कृषि मज़दूर (AL) के लिये CPI और ग्रामीण मज़दूर (RL) के लिये CPI को श्रम और रोज़गार मंत्रालय में 'श्रम ब्यूरो' द्वारा संकलित किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त) को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा संकलित किया जाता है।

9.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वैश्विक संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (Stockholm International Peace Research Institute-SIPRI) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, भारत के हथियार आयात में वर्ष 2011-2015 और वर्ष 2016-2020 के बीच एक-तिहाई (लगभग 33%) की कमी आई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- रूस दोनों अवधि (वर्ष 2011-2015 और वर्ष 2016-2020) में भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्त्ता देश है। हालाँकि भारत को हथियारों के आयात में रूस की हिस्सेदारी 70% से गिरकर 49% हो गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - भारत को हथियारों की आपूर्ति में अमेरिका वर्ष 2016-20 की अवधि में चौथे स्थान पर था, जबकि वर्ष 2011-15 की अवधि में दूसरे स्थान पर था।
  - वर्ष 2016-20 के दौरान भारत को सबसे बड़े हथियार आपूर्तिकर्त्ता के रूप में फ्राँस और इज़राइल क्रमश: दूसरे तथा तीसरे स्थान पर थे। भारत के हथियार आयात में फ्राँस और इज़राइल की हिस्सेदारी में क्रमश: 709% तथा 82% की वृद्धि हुई है।

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान को राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान के रूप में भी जाना जाता है।
    - यह वर्ष 1955 में एक वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था और वर्ष 1988 में एक राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अपग्रेड किया गया था।
    - वर्ष 1999 में 'प्रोजेक्ट टाइगर' के तहत इसे 37वें टाइगर रिज़र्व के रूप में घोषित किया गया था।
    - भारत में 51 टाइगर रिज़र्व हैं।
    - इस सूची में वर्ष 2021 में जोड़ा गया नवीनतम रिज़र्व तमिलनाडु का 'श्रीविल्लिपुथुर मेघमलाई टाइगर रिज़र्व' है। अत: कथन 2 सही है।
- नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान पश्चिमी घाट में स्थित है और नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है। अत: कथन 1 सही है।
- नागरहोल नदी इस उद्यान से होकर बहती है, जो काबिनी नदी में जाकर मिलती है। काबिनी नदी नागरहोल और बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान के बीच एक सीमा बनाती है।

11.

उत्तर: C

व्याख्या

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239AB के मुताबिक, भारत का राष्ट्रपति अनुच्छेद 239AA (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली) या उसके तहत बनाए गए किसी भी कानून के प्रावधान के संचालन को निलंबित कर सकता है। यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 (राष्ट्रपति शासन) के समान ही है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान का अनुच्छेद 239AA दिल्ली के लिये एक विधानसभा की व्यवस्था करता है, जो सार्वजनिक व्यवस्था, भूमि और पुलिस को छोड़कर राज्य सूची और समवर्ती सूची के सभी विषयों पर कानून बना सकती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- वर्तमान में केंद्रशासित प्रदेश पुद्दुचेरी (वर्ष 1963 में), दिल्ली (वर्ष 1992 में) और जम्मू-कश्मीर (वर्ष 2019 में) में ही विधानसभा मौजूद है। अत: कथन 3 सही है।

12.

उत्तर : D

व्याख्या:

- भारी धातु शब्द किसी भी धात्विक रासायनिक तत्त्व (metallic chemical element) को संदर्भित करता है जिसका अपेक्षाकृत उच्च घनत्व (> 5 ग्राम / सेमी. 3) होता है तथा यह कम सांद्रता के साथ विषाक्त या ज़हरीली होती है।
    - भारी धातुओं के उदाहरणों में पारा (Hg), कैडमियम (Cd), आर्सेनिक (As), क्रोमियम (Cr), थैलियम (Tl), और सीसा (Pb) शामिल हैं।
- भारी धातुओं का स्रोत:
    - भारी धातुएँ पर्यावरण में प्राकृतिक तरीकों से या मानवीय गतिविधियों द्वारा शामिल होती हैं।
        - प्राकृतिक स्रोत: इसमें भौगोलिक घटनाएँ जैसे- ज्वालामुखी विस्फोट, चट्टानों का अपक्षय आदि शामिल हैं और नदियों के प्रवाह के कारण ये झीलों एवं महासागरों के जल में मिल जाती हैं।
        - मानव जनित स्रोत: धातुओं का खनन, विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू अपशिष्ट, कृषि अपशिष्ट और उर्वरक उत्पादन जैसी मानव गतिविधियों के माध्यम से इन्हें जल में प्रवाहित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- मानव पर भारी धातुओं का प्रभाव:

नोट :

- कुछ आवश्यक भारी धातुएँ कोबाल्ट, तांबा, जस्ता और मैंगनीज़ मानव शरीर के लिये आवश्यक होती हैं, लेकिन इनकी अधिकता स्वास्थ्य के लिये हानिकारक हो सकती है।
- पीने के पानी में पाई जाने वाली भारी धातु जैसे- सीसा, पारा, आर्सेनिक और कैडमियम का हमारे शरीर पर कोई लाभकारी प्रभाव नहीं पड़ता है बल्कि शरीर में इन धातुओं का संचय गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ उत्पन्न कर सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

13.

उत्तर: A

व्याख्या:

- MPLAD एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसकी घोषणा दिसंबर 1993 में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - प्रारंभ में इसका क्रियान्वयन ग्रामीण विकास मंत्रालय (Ministry of Rural Development) के अंतर्गत किया जाता था जिसे अक्तूबर 1994 में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Programme Implementation) को स्थानांतरित कर दिया गया।

कार्य

- MPLADS के तहत संसद सदस्यों (Member of Parliaments- MPs) को प्रत्येक वर्ष 2.5 करोड़ रुपए की दो किस्तों में 5 करोड़ रुपए की राशि वितरित की जाती है। MPLADS के तहत आवंटित राशि नॉन-लैप्सेबल (Non-Lapsable) होती है।
- लोकसभा सांसदों से इस राशि को अपने लोकसभा क्षेत्रों में ज़िला प्राधिकरण परियोजनाओं (District Authorities Projects) में व्यय करने की सिफारिश की जाती है, जबकि राज्यसभा संसदों द्वारा इस राशि का उपयोग उस राज्य क्षेत्र में किया जाता है जहाँ से वे चुने गए हैं।
- राज्यसभा और लोकसभा के मनोनीत सदस्य देश में कहीं भी कार्य करने की सिफारिश कर सकते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

14.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पेरियार नदी 244 किलोमीटर की लंबाई के साथ केरल राज्य की सबसे लंबी नदी है।
- इसे 'केरल की जीवनरेखा' (Lifeline of Kerala) के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि यह केरल राज्य की बारहमासी नदियों में से एक है।
  - यह बारहमासी नदी प्रणाली है जो पूरे वर्ष अपने प्रवाह के कुछ हिस्सों में निरंतर बहती रहती है।
- पेरियार नदी पश्चिमी घाट (Western Ghat) की शिवगिरी पहाड़ियों (Sivagiri Hill) से निकलती है और 'पेरियार राष्ट्रीय उद्यान' (Periyar National Park) से होकर बहती है। अत: कथन 1 सही है।
- पेरियार की मुख्य सहायक नदियाँ- मुथिरपूझा, मुल्लायार, चेरुथोनी, पेरिनजंकुट्टी हैं। अत: कथन 2 सही है।

15.

उत्तर: D

व्याख्या:

- गुरुत्वाकर्षण तरंगें अदृश्य तरंगें होती हैं जिनका निर्माण निम्नलिखित कारणों से होता है:
  - जब तारे में विस्फोट के बाद एक सुपरनोवा बनता है।
  - जब दो बड़े तारे एक-दूसरे की परिक्रमा करते हैं।
  - जब दो ब्लैकहोल आपस में विलीन हो जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- ये तरंगें अंतरिक्ष-समय (Space-Time) की गति से यात्रा करती हैं और मार्ग में पड़ने वाली किसी भी वस्तु को अपनी ओर खींचती हैं। चूँकि एक गुरुत्वाकर्षण तरंग अंतरिक्ष-समय के माध्यम से यात्रा करती है, जिससे एक दिशा में खिंचाव और दूसरे में संपीड़ित होता है। कोई भी वस्तु जो इसके क्षेत्र में आती है, वह इस तरंग के गुज़रने के साथ-साथ खिंचती और सिकुड़ती है। हालाँकि बहुत कम तरंगों का पता केवल LIGO जैसे विशेष उपकरणों द्वारा लगाया जा सकता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

- विनियोग विधेयक सरकार को किसी वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय की पूर्ति के लिये भारत की संचित निधि से धनराशि निकालने की शक्ति देता है। अत: कथन 1 सही है।
  - संविधान के अनुच्छेद-114 के अनुसार, सरकार संसद से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही संचित निधि से धन निकाल सकती है।
  - निकाली गई धनराशि का उपयोग वित्तीय वर्ष के दौरान खर्च को पूरा करने के लिये किया जाता है।
- विनियोग विधेयक लोकसभा में बजट प्रस्तावों और अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद पेश किया जाता है।
  - एक बार जब यह लोकसभा से पारित हो जाता है, तो इसे राज्यसभा में भेज दिया जाता है।

राज्यसभा को इस विधेयक में संशोधन की सिफारिश करने की शक्ति प्राप्त है। हालाँकि राज्यसभा की सिफारिशों को स्वीकार करना या अस्वीकार करना लोकसभा का विशेषाधिकार है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

17.

उत्तर: C

व्याख्या

- तराई आर्क लैंडस्केप (TAL) पश्चिम में यमुना नदी और पूर्व में बागमती नदी के बीच 810 किमी. लंबा खंड है। अत: कथन 1 सही है।
  - भागमती नदी दक्षिण-मध्य नेपाल और उत्तरी बिहार में प्रवाहित होती है।
  - इसमें शिवालिक पहाड़ियाँ, निकटवर्ती भाभर क्षेत्र और तराई मैदान शामिल हैं।
  - भाभर 8 से 10 किलोमीटर चौड़ाई की पतली पट्टी है जो शिवालिक गिरिपाद के समानांतर फैली हुई है। हिमालय पर्वत श्रेणियों से निकलने वाली नदियाँ यहाँ पर भारी जल-भार जैसे- बड़े शैल और गोलाश्म जमा कर देती हैं तथा कभी-कभी स्वयं इसी में लुप्त हो जाती हैं। ये लुप्त नदियाँ भाभर के दक्षिण में स्थित तराई क्षेत्र में पुन: प्रकट होती हैं।
- यह उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार और नेपाल की निचली पहाड़ियों तक विस्तृत है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसमें भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध टाइगर रिज़र्व और संरक्षित क्षेत्र जैसे कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व (उत्तराखंड), राजाजी नेशनल पार्क (उत्तराखंड), दुधवा टाइगर रिज़र्व (उत्तर प्रदेश), वाल्मीकि टाइगर रिज़र्व (बिहार) शामिल हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - कुल मिलाकर इसमें 13 संरक्षित क्षेत्र है, जिसमें से 9 संरक्षित क्षेत्र भारत में और 4 संरक्षित क्षेत्र नेपाल में हैं। यह पूर्णत: 49,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है, जिसमें से 30,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र भारत में स्थित है।

18.

उत्तर: C

व्याख्या

- पीलीभीत टाइगर रिज़र्व, उत्तर प्रदेश के पीलीभीत और शाहजहाँपुर ज़िलों के बीच अवस्थित है। इसे वर्ष 2014-15 में एक टाइगर रिज़र्व के रूप में मान्यता दी गई थी।
  - वर्ष 2020 में इसने बीते चार वर्षों (2014-18) में बाघों की संख्या को दोगुना करने के लिये TX2 अवार्ड भी जीता। अत: कथन 1 सही है।

- यह ऊपरी गंगा के मैदान में 'तराई आर्क लैंडस्केप' के हिस्से का निर्माण करता है। अत: कथन 2 सही है।
  - रिज़र्व का उत्तरी छोर भारत-नेपाल सीमा के पास स्थित है, जबकि दक्षिणी सीमा शारदा और खकरा नदी तक विस्तृत है।

19.

उत्तर: B

व्याख्या:

- बजट संसद में निम्नलिखित छह चरणों से गुज़रता है:
  - बजट की प्रस्तुति: वर्ष 2017 के बाद से बजट की प्रस्तुति की तारीख 1 फरवरी कर दी गई है।
  - सामान्य चर्चा: संसद के दोनों सदनों में बजट पर सामान्य चर्चा होती है।
  - विभागीय समितियों द्वारा जाँच: बजट पर आम चर्चा के बाद संसद की 24 विभागीय स्थायी समितियों द्वारा संबंधित मंत्रियों के अनुदान की मांगों पर विस्तार से चर्चा की जाती है और उन पर रिपोर्ट तैयार की जाती है।
  - अनुदान मांगों पर मतदान: लोकसभा अनुदान मांगों पर मतदान करती है। अनुदान मांगों पर मतदान लोकसभा का विशेषाधिकार है।
  - विनियोग विधेयक पारित करना: भारत की संचित निधि से राशि निकालने के लिये एक विनियोग विधेयक पेश किया जाता है।
  - वित्त विधेयक का पारित होना: आगामी वर्ष के लिये भारत सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी करने हेतु वित्त विधेयक पेश किया जाता है। अत: विकल्प B सही है।

20.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत की संचित निधि की स्थापना भारत के संविधान के अनुच्छेद 266 (1) के तहत की गई है। अत: कथन 1 सही है।
- इसमें समाहित हैं:
  - करों के माध्यम से केंद्र को प्राप्त सभी राजस्व (आयकर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क और अन्य प्राप्तियाँ) तथा सभी गैर-कर राजस्व। अत: कथन 2 सही है।
  - सार्वजनिक अधिसूचना, ट्रेज़री बिल (आंतरिक ऋण) और विदेशी सरकारों तथा अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों (बाहरी ऋण) के माध्यम से केंद्र द्वारा लिये गए सभी ऋण।
- भारत का नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) इस निधि का लेखा परीक्षण करता है।

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- टीबी या क्षय रोग बैक्टीरिया (माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस) के कारण होता है जो फेफड़ों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- टीबी एक संक्रामक रोग है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खाँसी, छींकने या थूकने के दौरान हवा के माध्यम से या फिर संक्रमित सतह को छूने से फैलता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- इसकी रोकथाम एवं उपचार दोनों संभव हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - बेसिल कालमेट-ग्युरिन 80 वर्षों से मौजूद है और टीबी के इलाज के लिये प्रयुक्त सभी मौजूदा टीकों में इसका इस्तेमाल सबसे व्यापक रूप से किया जाता है।
  - सरकारी अस्पतालों और डॉट्स सेंटरों में इसका निशुल्क उपचार होता है। एंटीमाइक्रोबियल ड्रग्स के मानक 6 माह के कोर्स के साथ भी इसका इलाज किया जा सकता है।

नोट :

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत में नुकसान की वसूली हेतु कोई केंद्रीय कानून नहीं है। वर्तमान में दंगाइयों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु सार्वजनिक संपत्ति नुकसान रोकथाम अधिनियम, 1984 में भी सीमित प्रावधान हैं, जिसमें दोषियों हेतु कारावास और जुर्माने का प्रावधान तो किया गया है, लेकिन नुकसान की वसूली हेतु कोई प्रावधान नहीं किया गया है।
    - संपत्ति के नुकसान की भरपाई हेतु कानून होने के बावजूद देश में विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारपीट, तोड़फोड़ की घटनाएँ आम हैं।
    - वर्ष 2007 में सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने इस मुद्दे पर संज्ञान लिया तथा इस कानून में बदलाव हेतु न्यायमूर्ति के.टी. थॉमस और वरिष्ठ अधिवक्ता फली नरीमन की अध्यक्षता में दो समितियों का गठन किया गया।
    - के.टी. थॉमस समिति ने सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान से जुड़े मामलों में आरोप सिद्ध करने की ज़िम्मेदारी को बदलने की सिफारिश की। न्यायालय को यह अनुमान लगाने का अधिकार देने के लिये कानून में संशोधन किया जाना चाहिये कि अभियुक्त सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट करने का दोषी है। अत: विकल्प B सही है।
        - दायित्व की स्थिति में बदलाव से संबंधित यह सिद्धांत यौन अपराधों तथा इस तरह के अन्य अपराधों पर लागू होता है।
        - सामान्यत: कानून यह मानता है कि अभियुक्त तब तक निर्दोष है जब तक कि अभियोजन पक्ष इसे साबित नहीं करता।

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अनंगपाल द्वितीय तोमर राजवंश से संबंधित थे। इन्हें अनंगपाल तोमर के रूप में में भी जाना जाता है।
- उन्होंने ढिल्लिका पुरी की स्थापना की थी जिसे आगे चलकर दिल्ली के रूप में जाना गया। कथन 3 सही है।
    - कुतुब मीनार के निकट स्थित मस्जिद कुव्वतुल इस्लाम के लौह स्तंभ पर दिल्ली के प्रारंभिक इतिहास के बारे में साक्ष्य अंकित हैं।
    - विभिन्न शिलालेखों और सिक्कों से यह पता चलता है कि अनंगपाल तोमर 8वीं से 12वीं शताब्दी के बीच वर्तमान दिल्ली और हरियाणा के शासक थे। अत: कथन 1 सही है।
        - उन्होंने शहर का निर्माण खंडहरों से किया तथा उनकी निगरानी में ही अनंग ताल बावली और लाल कोट का निर्माण किया गया।
    - अनंगपाल द्वितीय के बाद उनका पोता पृथ्वीराज चौहान शासक बना।
        - 1192 में तराइन (वर्तमान हरियाणा) के द्वितीय युद्ध में पृथ्वीराज चौहान की पराजय के बाद गोरी की सेना द्वारा दिल्ली सल्तनत की स्थापना की गई। अत: कथन 2 सही नहीं है।

24.

उत्तर: D

व्याख्या:

- चंबल नदी (Chambal River) भारत की सबसे कम प्रदूषित नदियों में से एक है।
    - इसका उद्‌गम स्थल विंध्य पर्वत (इंदौर, मध्य प्रदेश) के उत्तरी ढलान पर स्थित सिंगार चौरी (Singar Chouri) चोटी है। यहाँ से यह लगभग 346 किमी. तक मध्य प्रदेश में उत्तर दिशा की ओर बहती हुई राजस्थान में प्रवेश करती है। राजस्थान में इस नदी की कुल लंबाई 225 किमी. है जो इस राज्य के उत्तर-पूर्व दिशा में बहती है।
    - उत्तर प्रदेश में इस नदी की कुल लंबाई लगभग 32 किमी. है जो इटावा में यमुना नदी में मिल जाती है।
- यह एक वर्षा आधारित नदी है, जिसका बेसिन विंध्य पर्वत श्रृंखलाओं और अरावली से घिरा हुआ है।
- चंबल और उसकी सहायक नदियाँ उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में बहती हैं।
    - सहायक नदियाँ: बनास, काली सिंध, क्षिप्रा, पार्वती आदि।
- अत: विकल्प D सही है।

नोट :

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री ने लोकसभा में वाहन स्क्रैपिंग नीति (Vehicle Scrapping Policy) की घोषणा की। अत: कथन 1 सही है।
- इस नीति का उद्देश्य पुराने और खराब वाहनों को कम कर इनसे होने वाले वायु प्रदूषकों को कम करना, सड़क और वाहनों की सुरक्षा में सुधार करना है।
  - इस नीति के अंतर्गत 20 साल से अधिक पुराने 51 लाख और 15 साल से अधिक पुराने 34 लाख हल्के मोटर व्हीकल्स (LMV) को शामिल किया गया है। अत: कथन 2 सही है।

26.

उत्तर: C

व्याख्या

- रणथंभौर बाघ अभयारण्य, राजस्थान राज्य के पूर्वी भाग में करौली और सवाई माधोपुर ज़िलों में अरावली तथा विंध्य पर्वत शृंखलाओं के संगम पर स्थित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसमें रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान, सवाई मानसिंह और कैलादेवी अभयारण्य शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
- बाघों के आवास वाला यह एकांत क्षेत्र 'बंगाल टाइगर' की वितरण सीमा की उत्तर-पश्चिमी सीमा का प्रतिनिधित्व करता है और देश में बाघ संरक्षण हेतु प्रारंभ किये गए 'प्रोजेक्ट टाइगर' के प्रयासों का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।
- चंबल नदी पूर्व की ओर रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान की एक प्राकृतिक सीमा बनाती है।
  - रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान के उत्तर-पूर्व में चंबल की एक सहायक नदी बनास नदी बहती है। अत: कथन 3 सही है।

27.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस से एक दिन पूर्व संयुक्त राष्ट्र के तत्त्वावधान में 'सतत् विकास समाधान नेटवर्क' (Sustainable Development Solutions Network for the United Nations) द्वारा वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट, 2021 जारी की गई है।
  - संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2013 में अंतर्राष्ट्रीय खुशहाली दिवस मनाने की शुरुआत की गई थी लेकिन जुलाई 2012 में इसके लिये एक प्रस्ताव पारित किया गया।
  - पहली बार खुशहाली दिवस का संकल्प भूटान द्वारा लाया गया था, जिसमें 1970 के दशक की शुरुआत से राष्ट्रीय आय के बजाय राष्ट्रीय खुशी के महत्त्व पर ज़ोर दिया गया तथा सकल राष्ट्रीय उत्पाद (Gross National Product- GNP) पर सकल राष्ट्रीय खुशहाली (Gross National Happiness- GNH) को अपनाया गया। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - सकल राष्ट्रीय खुशहाली सूचकांक: इसकी अवधारणा को भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक द्वारा वर्ष 1972 में प्रस्तुत किया गया था।
- रिपोर्ट में शामिल देशों की रैंकिंग मतदान (गैलप वर्ल्ड पोल) पर आधारित है, जो छ: कारकों को शामिल करती है:
  - प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (क्रय शक्ति समानता)।
  - सामाजिक सहयोग।
  - जन्म के समय स्वस्थ जीवन प्रत्याशा।
  - जीवन में विकल्प चुनने की स्वतंत्रता।

नोट :

- उदारता।
- भ्रष्टाचार की धारणा।

अत: कथन 1 सही है।

- रिपोर्ट के तहत फिनलैंड को लगातार चौथे वर्ष विश्व का सबसे खुशहाल देश घोषित किया गया है। फिनलैंड के बाद आइसलैंड, डेनमार्क, स्विट्ज़रलैंड, नीदरलैंड, स्वीडन, जर्मनी और नॉर्वे का स्थान है। अत: कथन 3 सही है।
  - रिपोर्ट में अफगानिस्तान (149) को सबसे नाखुश देश बताया गया है। अफगानिस्तान का स्थान जिम्बाब्वे (148), रवांडा (147), बोत्सवाना (146) और लेसोथो (145) के बाद है।

28.

उत्तर: A

व्याख्या

- खुला बाज़ार परिचालन का आशय सरकार द्वारा मुक्त बाज़ार में जारी किये गए बॉण्ड की बिक्री एवं खरीद से है। अत: कथन 1 सही है।
  - मात्रात्मक मौद्रिक नीति उपकरण: यह भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रयोग किये जाने वाला एक मात्रात्मक मौद्रिक उपकरण है, जिसका उपयोग RBI द्वारा वर्ष भर तरलता की संतुलित स्थिति को बनाए रखने और ब्याज़ दर तथा मुद्रास्फीति के स्तर पर इसके प्रभाव को सीमित करने के लिये किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - मात्रात्मक मौद्रिक नीति उपकरण का आशय ऐसे उपकरणों से है, जो नकद आरक्षित अनुपात (CRR) और बैंक दर आदि में परिवर्तन करके मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करते हैं।

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अनुपूरक अनुदान (Supplementary Grant) की आवश्यकता तब होती है जब संसद द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष के लिये किसी विशेष सेवा हेतु विनियोग अधिनियम (Appropriation Act) के माध्यम से अधिकृत राशि अपर्याप्त पाई जाती है।
  - भारतीय संविधान के अनुच्छेद-115 के अंतर्गत अतिरिक्त या अधिक अनुदान (Additional or Excess Grants) के साथ अनुपूरक अनुदान का प्रावधान किया गया है।
  - भारतीय संविधान का अनुच्छेद-116 लेखानुदान, प्रत्यानुदान और अपवादानुदान का निर्धारण से संबंधित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- अनुपूरक, अतिरिक्त, अधिक और असाधारण अनुदान तथा वोट ऑफ क्रेडिट को उसी प्रक्रिया द्वारा विनियमित किया जाता है जैसे बजट (Budget) को किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्लूटेन, स्टोरेज प्रोटीन (Storage Proteins) का एक समूह है जिसे सामान्यत: प्रोलिमिन (Prolamins) के रूप में जाना जाता है। यह प्राकृतिक रूप से कुछ खाद्य अनाजों जैसे कि गेहूं, जौ आदि में पाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - ग्लूटेन में दो मुख्य प्रोटीन ग्लूटेनिन (Glutenin) और ग्लाएडिन (Gliadin) पाए जाते हैं।
- रसोईघर में ग्लूटेन के विभिन्न लाभ हैं जैसे- यह खाद्य पदार्थों को नरम बनाने तथा उनकी च्यूवी (चिपचिपा अथवा लिसलिसा) संरचना के निर्धारण हेतु ज़िम्मेदार है।
- गर्म करने पर ग्लूटेन प्रोटीन एक प्रत्यास्थ/लोचदार नेटवर्क का निर्माण करता है, जो अपना विस्तार करने और गैस को ट्रैप करने में सक्षम होता है। इससे ब्रेड, पास्ता और अन्य समान खाद्य उत्पादों में खमीर उत्पन्न होता है तथा उनमें नमी बनी रहती है।
- सीलिएक रोग (Celiac Disease), जिसे कोएलियाक रोग (Coeliac Disease) के रूप में भी जाना जाता है, ग्लूटेन असहिष्णुता का सबसे गंभीर रूप है। अत: कथन 1 सही है

31.

उत्तर: D

व्याख्या:

- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची (UNESCO's Representative List of Intangible Cultural Heritage of Humanity) उन अमूर्त विरासतों से मिलकर बनी है जो सांस्कृतिक विरासत की विविधता को प्रदर्शित करने और इसके महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करते हैं।
- यह सूची वर्ष 2008 में अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर कन्वेंशन के समय बनाई गई थी।
- यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में भारतीय विरासतें:
  1. वैदिक जप की परंपरा।
  2. रामलीला, रामायण का पारंपरिक प्रदर्शन।
  3. कुटियाट्टम, संस्कृत थियेटर।
  4. रम्मन।
  5. मुदियेट्टू, अनुष्ठान थियेटर और केरल का नृत्य नाटक।
  6. कालबेलिया लोकगीत और राजस्थान के नृत्य।
  7. छऊ नृत्य।
  8. लद्दाख का बौद्ध जप।
  9. मणिपुर का संकीर्तन।
  10. पंजाब के ठठेरों द्वारा बनाए जाने वाले पीतल और तांबे के बर्तन।
  11. योग।
  12. नवरोज़।
  13. कुंभ मेला।
- जल्लीकट्टू, तमिलनाडु का एक प्राचीन पारंपरिक खेल है, जिसका आयोजन फसलों की कटाई के अवसर पर पोंगल के समय किया जाता है। यह यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची के अंतर्गत नहीं आता है। अत: विकल्प D सही है।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लाचित बोड़फुकन (Lachit Borphukan) का जन्म 24 नवंबर, 1622 को हुआ था। इन्होंने वर्ष 1671 में हुए सराईघाट के युद्ध (Battle of Saraighat) में अपनी सेना को प्रभावी नेतृत्व प्रदान किया, जिससे मुगल सेना का असम पर कब्ज़ा करने का प्रयास विफल हो गया था।
  - इनसे भारतीय नौसैनिक शक्ति को मज़बूत करने, अंतर्देशीय जल परिवहन को पुनर्जीवित करने और नौसेना की रणनीति से जुड़े बुनियादी ढाँचे के निर्माण की प्रेरणा ली गई।
  - इसे एक नदी पर होने वाली सबसे बड़ी नौसैनिक लड़ाई के रूप में जाना जाता है, जिसमें मुगल सेना की हार और अहोम सेना की जीत हुई। अत: कथन 1 सही है।
- सराईघाट का युद्ध (Battle of Saraighat) वर्ष 1671 में गुवाहाटी में ब्रह्मपुत्र (Brahmaputra) नदी के तट पर लड़ा गया था। अत: कथन 2 सही है।

नोट :

33.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में सरकार द्वारा ग्राम उजाला कार्यक्रम (Gram UJALA Programme) की शुरुआत की गई है। यह सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत कार्यशील पुराने तापदीप्त बल्बों के बदले मात्र 10 रुपए में (विश्व में सबसे सस्ते) ग्रामीण क्षेत्रों में एलईडी बल्बों का वितरण किया जाएगा। अत: कथन 1 सही है।
  - इस कार्यक्रम का प्रथम चरण बिहार के आरा ज़िले से शुरू किया गया है जिसमें 5 ज़िलों- आरा (बिहार), वाराणसी (उत्तर प्रदेश), विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश), नागपुर (महाराष्ट्र), और पश्चिमी गुजरात के गाँवों में 15 मिलियन एलईडी बल्बों का वितरण किया जाएगा।
  - प्रकाश उत्सर्जक डायोड (Light-Emitting Diode- LED) वर्तमान में सबसे अधिक ऊर्जा कुशल और तेज़ी से विकास करने वाली प्रकाश प्रौद्योगिकियों में से एक है।
- इस कार्यक्रम का वित्तपोषण पूरी तरह से कार्बन क्रेडिट द्वारा किया जाएगा तथा यह भारत में इस तरह का पहला कार्यक्रम होगा।अत: कथन 2 सही नहीं है।

34.

उत्तर B

व्याख्या :

- संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) संयुक्त राष्ट्र (यूएन ) का एक विशेष कार्यक्रम है जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सामान्य कल्याण में सुधार के लिये राष्ट्रीय प्रयासों को सहायता प्रदान करने हेतु समर्पित है| अत: कथन 1 सही नहीं है |
- यूनिसेफ की स्थापना 1946 में संयुक्त राष्ट्र राहत पुनर्वास प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (ICEF) के रूप में की गई थी ताकि द्वितीय विश्व युद्ध से प्रभावित बच्चों की मदद की जा सके।
- यूनिसेफ को बाल अधिकारों पर कन्वेंशन,1989 द्वारा निर्देशित किया जाता है।
- यह बच्चों के प्रति नैतिक सिद्धांतों और व्यवहार के अंतर्राष्ट्रीय मानकों को स्थायी रूप देकर बच्चों के अधिकारों को स्थापित करने का प्रयास करता है।
- "राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने" के लिये इसे वर्ष 1965 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया। अत: कथन 2 सही है।

35.

उत्तर: B

व्याख्या

- डिप्थीरिया मुख्य रूप से कोरिनेबैक्टेरियम डिप्थीरिया (Corynebacterium Diphtheriae) नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- हाल ही में किये गए अध्ययन में पाया गया है कि डिप्थीरिया जो कि अपेक्षाकृत आसानी से रोका जा सकने वाला संक्रमण है, एक बड़ा वैश्विक खतरा बन सकता है। विश्व स्तर पर डिप्थीरिया के मामलों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है।
  - 2018 में 16,651 मामले रिपोर्ट किये गए थे, जो कि वर्ष 1996-2017 (8,105 मामले) के दौरान दर्ज मामलों के वार्षिक औसत के दोगुने से अधिक है। अत: कथन 2 सही है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, भारत में वर्ष 2015 के दौरान 2,365 मामले दर्ज किये गए। हालाँकि वर्ष 2016, 2017 और 2018 में यह संख्या क्रमिक रूप से बढ़कर 3,380, 5,293 और 8,788 हो गई। अत: कथन 3 सही नहीं है।

36.

उत्तर: B

व्याख्या:

- केन और बेतवा नदियों का उद्गम स्थल मध्य प्रदेश में है, ये यमुना की सहायक नदियाँ हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - केन नदी उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िले में यमुना नदी में मिलती है तथा बेतवा नदी से यह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर ज़िले में मिलती है।

नोट :

- हाल ही में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों द्वारा केन-बेतवा लिंक परियोजना (Ken-Betwa Link Project- KBLP) को लागू करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए हैं, जो नदियों को आपस में जोड़ने के लिये राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (National Perspective Plan) की पहली परियोजना है।
    - केन-बेतवा लिंक परियोजना (Ken-Betwa Link Project- KBLP) नदियों को आपस में जोड़ने की परियोजना है, इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मध्य प्रदेश की केन नदी के अधिशेष जल को बेतवा नदी में हस्तांतरित करना है। अत: कथन 2 सही नहीं है
    - इस परियोजना में 77 मीटर लंबा और 2 किमी. चौड़ा दौधन बाँध (Dhaudhan Dam) एवं 230 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण कार्य शामिल है।

37.

उत्तर: D

व्याख्या

- शेख मुजीबुर रहमान एक बंगाली नेता थे, जो बांग्लादेश के पहले प्रधानमंत्री (1972-75) बने और वर्ष 1975 में वहाँ के राष्ट्रपति बने। अत: कथन 1 सही है।
    - उन्हें 'बंगबंधु' के नाम से जाना जाता था। वे बांग्लादेश के 'जतिर पिता' अर्थात् 'राष्ट्रपिता' के रूप में भी जाने जाते हैं।
- उन्होंने अपने औपचारिक राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1949 में अवामी लीग के सह-संस्थापक के रूप में की थी।
    - उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के लिये राजनीतिक स्वायत्तता की वकालत की और यही हिस्सा आगे चलकर बांग्लादेश के रूप में अस्तित्व में आया। अत: कथन 2 सही है।
- उन्हें गांधी शांति पुरस्कार, 2020 के लिये चुना गया है, क्योंकि उन्होंने अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिवर्तन लाने में उत्कृष्ट योगदान दिया था। अत: कथन 3 सही है।

38.

उत्तर: A

व्याख्या:

- आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन (Coalition for Disaster Resilient Infrastructure- CDRI) राष्ट्रीय सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और कार्यक्रमों, बहुपक्षीय विकास बैंकों तथा वित्तपोषण तंत्र, निजी क्षेत्र आदि की एक बहु-हितधारक वैश्विक भागीदारी है।
    - भारत के प्रधानमंत्री ने 23 सितंबर, 2019 को संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन (UN Climate Action Summit) में अपने भाषण के दौरान CDRI का शुभारंभ किया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसका उद्देश्य सतत् विकास के समर्थन में जलवायु और आपदा जोखिमों के लिये नई और मौजूदा बुनियादी ढाँचा प्रणालियों की अनुकूलता को बढ़ावा देना है।
- CDRI का सचिवालय नई दिल्ली, भारत में स्थित है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

39.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारत में जलवायु वित्तपोषण का सबसे बड़ा स्रोत सार्वजनिक धन है, जिसे बजटीय आवंटन और भारत सरकार द्वारा स्थापित जलवायु परिवर्तन से संबंधित कई निधियों और योजनाओं जैसे- राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि (NCEF) एवं राष्ट्रीय अनुकूलन कोष (NAF) के माध्यम से पारित किया जाता है।
- भारत सरकार जलवायु परिवर्तन हेतु राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत स्थापित आठ मिशनों के माध्यम से भी धन मुहैया कराती है।

- सरकार ने वित्त मंत्रालय के तहत एक 'जलवायु परिवर्तन वित्त इकाई' (CCFU) की स्थापना की है, जो सभी जलवायु परिवर्तन वित्तपोषण मामलों के लिये एक नोडल एजेंसी है। अत: कथन 1 सही है परंतु कथन 2 सही नहीं है।
- हालाँकि भारत में सार्वजनिक धन अपर्याप्त होने के साथ-साथ इसका दुरुपयोग किया जाता है। उदाहरण के लिये- NCEF फंड का उपयोग नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MoNRE) में बजटीय कमी को पूरा करने के लिये किया गया है।
- इसके अतिरिक्त भारत में सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित परियोजनाओं की जलवायु संबंधी प्रासंगिकता का कोई आकलन नहीं किया जाता है, जिससे जलवायु कार्रवाई के लिये वित्तीय आवंटन का मूल्यांकन करना मुश्किल हो जाता है।

40.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भगत सिंह एक ऐसी पीढ़ी से ताल्लुक रखते थे जो भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के दो निर्णायक चरणों में हस्तक्षेप करती थी- पहला लाल-बाल-पाल के 'अतिवाद' का चरण और दूसरा अहिंसक सामूहिक कार्रवाई का गांधीवादी चरण।
- वर्ष 1924 में वह कानपुर में सचींद्रनाथ सान्याल द्वारा एक वर्ष पहले शुरू किये गए 'हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' (Hindustan Republican Association) के सदस्य बने। एसोसिएशन के मुख्य आयोजक चंद्रशेखर आज़ाद थे और भगत सिंह उनके बहुत करीबी थे। अत: कथन 1 सही है।
- वर्ष 1925 में भगत सिंह लाहौर लौट आए और अगले एक वर्ष के भीतर उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 'नौजवान भारत सभा' नामक एक उग्रवादी युवा संगठन का गठन किया। अत: कथन 2 सही है।
- वर्ष 1928 में भगत सिंह ने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन का नाम बदलकर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन (HSRA) कर दिया। वर्ष 1930 में जब आज़ाद को गोली मारी गई, तो उनके साथ ही HSRA भी समाप्त हो गया और नौजवान भारत सभा ने पंजाब में HSRA का स्थान ले लिया।

41.

उत्तर: D

व्याख्या:

- एक-सींग वाला गैंडा, गैंडे की पाँच प्रजातियों में से एक है। अन्य चार ब्लैक राइनो, व्हाइट राइनो, जावा राइनो और सुमात्रन राइनो हैं।
  - एशिया में राइनो की तीन प्रजातियाँ पाई जाती हैं - एक-सींग वाला गैंडा, जावा और सुमात्रन।
  - भारत में केवल एक-सींग वाला गेंडा पाया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- एक-सींग वाला गैंडा (भारतीय गैंडा) राइनो प्रजाति में सबसे बड़ा है।
  - यह प्रजाति इंडो-नेपाल तराई क्षेत्र , उत्तरी पश्चिम बंगाल और असम तक सीमित है।
  - भारत में गैंडे मुख्य रूप से असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में पाए जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसे IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) श्रेणी में रखा गया है। अत: कथन 3 सही है।
  - CITES: परिशिष्ट I (इसमें 'लुप्तप्राय' प्रजातियों को शामिल किया जाता है, इनके व्यापार के कारण इन्हें और अधिक खतरा हो सकता है।)

वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची-I

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है, यह लगभग 42,996 हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करता है।
  - यह ब्रह्मपुत्र घाटी के बाढ़ क्षेत्र में सबसे बड़ा अबाधित और प्रतिनिधि क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही है।

- इसे वर्ष 2007 में बाघ आरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया।
  - इसमें 430 वर्ग किमी. के कोर के साथ 1,030 वर्ग किमी. का कुल बाघ आरक्षित क्षेत्र है।
- इस उद्यान को वर्ष 1985 में यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे बर्डलाइफ इंटरनेशनल द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र के रूप में मान्यता प्रदान की गई है।

43.

उत्तर C

व्याख्या:

- वर्ष 1934 में लोहिया भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress) के अंदर एक वामपंथी समूह कॉन्ग्रेस सोशलिस्ट पार्टी (Congress Socialist Party- CSP) में सक्रिय रूप से शामिल हो गए। अत: कथन 1 सही है।
- उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध (1939-45) में ग्रेट ब्रिटेन द्वारा भारत को शामिल करने के निर्णय का विरोध किया और वर्ष 1939 तथा वर्ष 1940 में ब्रिटिश विरोधी टिप्पणी करने के लिये गिरफ्तार किया गया।
- 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी द्वारा भारत में ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिये एक स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया। लोहिया ने अन्य CSP नेताओं (जैसे कि जय प्रकाश नारायण) के साथ भूमिगत रहकर भारत छोड़ो आंदोलन के लिये समर्थन जुटाया। ऐसी प्रतिरोधी गतिविधियों के लिये उन्हें 1944-46 में फिर से जेल में डाल दिया गया। अत: कथन 2 सही है।

44.

उत्तर: A

व्याख्या:

- 19 सितंबर, 1960 में विश्व बैंक की मध्यस्थता में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान द्वारा इस संधि पर हस्ताक्षर किये गए। इस संधि में सिंधु और उसकी सहायक नदियों के जल का उपयोग दोनों देशों में किस प्रकार किया जाना है, इस बात का निर्धारण किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संधि के अनुसार, पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) का जल भारत के लिये तथा पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का जल पाकिस्तान के लिये निर्धारित किया गया।
  - संधि के तहत भारत को पश्चिमी नदियों पर 'रन ऑफ द रिवर' (Run of the River- RoR) प्रोजेक्ट के तहत जल-विद्युत उत्पादन का अधिकार भी दिया गया है। इनके डिज़ाइन और संचालन हेतु भारत को विशिष्ट मानदंडों का पालन करना आवश्यक है। अत: कथन 3 सही है।
  - भारत ने लद्दाख में कई जल-विद्युत परियोजनाओं को मंज़ूरी दी है जो इस प्रकार हैं:
    - दुरबुक (19 मेगावाट)
    - शंकू (18.5 मेगावाट),
    - निमू चिलिंग (24 मेगावाट)
    - रोंगडो (12 मेगावाट)
    - लेह में रतन नाग (10.5 मेगावाट)
    - कारगिल में मैंगडुम सांगरा (19 मेगावाट), कारगिल हुंडरमैन (25 मेगावाट) और तमाशा (12 मेगावाट)।
- यह पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों पर भारतीय जल-विद्युत परियोजनाओं के डिज़ाइन को लेकर चिंता व्यक्त करने का अधिकार भी देता है।
- यह संधि विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने हेतु एक मध्यस्थता तंत्र भी प्रदान करती है।
- बाँधों को लेकर भारत और पाकिस्तान के मध्य मतभेद रहा है। उदाहरण के लिये वर्ष 2010 में पाकिस्तान द्वारा सिंधु की एक छोटी सहायक नदी किशनगंगा (पाकिस्तान में नीलम के रूप में जाना जाता है) पर स्थापित भारत की 330 मेगावाट जल-विद्युत परियोजना को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता कार्यवाही (International Arbitration Proceedings) शुरू की गई थी।
  - हालाँकि सिंधु नदी तिब्बत से निकलती है, लेकिन चीन को इस संधि से बाहर रखा गया है। अगर चीन नदी के प्रवाह को रोकने या बदलने का फैसला करता है, तो यह भारत और पाकिस्तान दोनों को प्रभावित करेगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

45.

उत्तर: B

व्याख्या:

- स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉज़िटरी और समाशोधन निगम को सामूहिक रूप से मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन प्रतिभूति के रूप में संदर्भित किया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - बिमल जालान समिति, 2010 के अनुसार, ये संस्थान देश के वित्तीय विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं जो प्रतिभूति बाज़ार हेतु आवश्यक बुनियादी ढाँचे के रूप में काम करते हैं।
- भारत में शेयर बाज़ार (Stock Exchange) एक ऐसे बाज़ार के रूप में कार्य करता है जहाँ स्टॉक, बॉण्ड और कमोडिटी जैसे वित्तीय दस्तावेज़ों का कारोबार होता है। अत: कथन 2 सही है।

46.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मैंग्रोव (Mangrove) विश्व के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के लवण-सहिष्णु पादप समुदायों का एक विविध समूह है।
  - राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में पश्चिम बंगाल में मैंग्रोव आवरण का उच्चतम प्रतिशत क्षेत्र मौजूद है, जबकि उसके बाद गुजरात और अंडमान निकोबार द्वीप समूह का स्थान है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा (दुनिया की सबसे बड़ी) पर भारत एवं बांग्लादेश में फैले बंगाल की खाड़ी के तटीय क्षेत्र में एक विशाल वन पारिस्थितिकी तंत्र है।
  - सुंदरबन डेल्टा (Sunderbans Delta) विश्व का एकमात्र ऐसा मैंग्रोव जंगल है जहाँ बाघों का निवास है। अत: कथन 2 सही है।
- सुंदरबन क्षेत्र वर्ष 2020 में चक्रवात अम्फान (Cyclone Amphan) द्वारा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था।
  - चक्रवात गति (GATI) नवंबर 2020 में आया था, जिसने सोमालिया को प्रभावित किया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।

47.

उत्तर : A

व्याख्या :

- भारतीय संविधान के नीति निदेशक सिद्धांत के अंतर्गत अनुच्छेद-40 में पंचायतों का प्रावधान किया गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये इन राज्यों में जनजातीय लोगों के अधिकारों की रक्षा का प्रावधान करती है। यह विशेष प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) के तहत किया गया है।
- वर्ष 1992 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया। अत: कथन 2 सही है।

48.

उत्तर: D

व्याख्या:

- लोकपाल तथा लोकायुक्त अधिनियम, 2013 ने संघ (केंद्र) के लिये लोकपाल और राज्यों के लिये लोकायुक्त संस्था की व्यवस्था की है।
  - इस प्रकार लोकपाल संस्था बिना किसी संवैधानिक दर्जे वाली वैधानिक निकाय है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - लोकपाल के क्षेत्राधिकार में प्रधानमंत्री, मंत्री, संसद सदस्य, समूह ए, बी, सी और डी अधिकारी तथा केंद्र सरकार के अधिकारी शामिल हैं।

- लोकपाल का क्षेत्राधिकार प्रधानमंत्री पर केवल भ्रष्टाचार के उन आरोपों तक सीमित रहेगा जो कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों, सुरक्षा, लोक व्यवस्था, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष से संबद्ध न हों।
  - संसद में कही गई किसी बात या दिये गए वोट के मामले में मंत्रियों या सांसदों पर लोकपाल का क्षेत्राधिकार नहीं होगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।

49.

उत्तर : B

व्याख्या :

- छठी अनुसूची मूल रूप से अविभाजित असम के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों (90% से अधिक आदिवासी आबादी) के लिये लागू की गई थी। ऐसे क्षेत्रों को 'भारत सरकार अधिनियम, 1935' के तहत "बहिष्कृत क्षेत्रों" (Excluded Areas) के रूप में वर्गीकृत किया गया था।
- संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय आबादी के अधिकारों की रक्षा के लिये इन जनजातीय क्षेत्रों के स्वायत्त स्थानीय प्रशासन का अधिकार प्रदान करती है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह विशेष प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) के तहत प्रदान किया गया है।
- छठी अनुसूची 'स्वायत्त ज़िला परिषदों' (ADCs) के माध्यम से इन क्षेत्रों के प्रशासन में स्वायत्तता प्रदान करती है। अत: कथन 2 सही है।
- स्वायत्त ज़िला परिषदों को अपने अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्रों के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है, जिनमें भूमि, जंगल, खेती, विरासत, आदिवासियों के स्वदेशी रीति-रिवाज़ों और परंपराओं आदि से संबंधित कानून शामिल हैं, साथ ही इन्हें भूमि राजस्व तथा कुछ अन्य करों को इकट्ठा करने का भी अधिकार प्राप्त है। अत: कथन 3 सही है।
- ADCs शासन की तीनों शाखाओं (विधानमंडल, कार्यपालिका और न्यायपालिका) के संबंध में विशिष्ट शक्तियाँ और ज़िम्मेदारियाँ रखते हुए एक लघु राज्य की तरह कार्य करते हैं।

50.

उत्तर: C

व्याख्या:

- शिगमोत्सव गोवा के आदिवासी समुदायों द्वारा धान की समृद्ध और सुनहरी फसल के लिये मनाए जाने वाला उत्सव है। अत: कथन 1 सही है।
    - कुनबी, गावड़ा और वेलिप सहित विभिन्न कृषि समुदाय इस त्योहार को मनाते हैं जो वसंत की शुरुआत का भी प्रतीक है।
- महोत्सव के दो प्रकार:
  - धाक्टो शिग्मो (Dhakto Shigmo- छोटा शिग्मो): यह ग्रामीण आबादी, किसानों और मज़दूर वर्ग द्वारा मनाया जाता है।
  - वदल्लो शिग्मो (Vhadlo Shigmo- बड़ा शिगमो): इसका महत्त्व अधिक है जो सभी लोगों द्वारा मनाया जाता है।
- शिगमो उत्सव हिंदू कैलेंडर के अनुसार फाल्गुन-चैत्र महीनों में एक पखवाड़े से अधिक समय तक मनाया जाता है, जो ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार हर साल मार्च-अप्रैल में पड़ता है।
  - यह उत्सव 'नमन' (Naman) गीत से शुरू होता है, जो स्थानीय देवताओं का आह्वान करने के लिये है 'मांड' (Maand) नामक मंच पर ढोल, मढ़ले और ताशे जैसे वाद्य यंत्रों को बजाकर गाया जाता है।
    - इसे 'रोम्टा मेल' (Romta Mell) नृत्य कहा जाता है जो गाँव-गाँव घूम कर किया जाता है।
    - इस उत्सव में घोड़े मोदिनी (Ghode Modni- घुड़सवार योद्धाओं का नृत्य), गोप और फुगड़ी जैसे लोक नृत्य किये जाते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - शिग्मो को पूरे भारत में विभिन्न नामों से मनाया जाता है:
    - उत्तर भारत- होली।
    - असम और बंगाल-दोलयात्रा।
    - दक्षिण भारत- कामदहन।
    - महाराष्ट्र- शिमगा।

नोट :

51.

उत्तर: A

व्याख्या

- भारत के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीशों को राष्ट्रपति द्वारा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 124 के खंड (2) के तहत नियुक्त किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- मुख्य न्यायाधीश के पद के मामले में देश के निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश द्वारा अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश की जाती है।
  - केंद्रीय विधि मंत्री द्वारा मुख्य न्यायाधीश की सिफारिश प्रधानमंत्री को हस्तांतरित की जाती है और प्रधानमंत्री उसी आधार पर राष्ट्रपति को सलाह देता है।
- द्वितीय न्यायाधीश मामले में वर्ष 1993 में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया था कि सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को ही मुख्य न्यायाधीश के पद पर नियुक्त किया जाना चाहिये। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम में भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।
  - कॉलेजियम प्रणाली न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रणाली है जो सर्वोच्च न्यायालय (न्यायाधीशों के मामलों) के निर्णयों के माध्यम से विकसित हुई है, न कि संसद के अधिनियम द्वारा या संविधान के प्रावधान द्वारा।

52.

उत्तर: C

व्याख्या

- चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को दान देने हेतु एक वित्तीय साधन है। अत: कथन 1 सही है।
- चुनावी बॉण्ड बिना किसी अधिकतम सीमा के 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं।
- भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है, ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह बॉण्ड एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के निर्दिष्ट खाते में प्रतिदेय होता है।
- बॉण्ड किसी भी व्यक्ति (जो भारत का नागरिक है) द्वारा जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर के महीनों में प्रत्येक दस दिनों की अवधि हेतु खरीद के लिये उपलब्ध होते हैं, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया गया है।
  - एक व्यक्ति या तो अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से बॉण्ड खरीद सकता है।
  - बॉण्ड पर दाता के नाम का उल्लेख नहीं किया जाता है।

53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह एक रंगहीन, गंधहीन, स्वादहीन, नॉन टॉक्सिक, अक्रिय तथा एकल परमाण्विक नोबल गैस (Noble Gas) है जो आवर्त सारणी (Periodic Table) में नोबल गैस समूह में प्रथम गैस है।
  - इसका क्वथनांक (Boiling Point) सभी तत्त्वों में सबसे कम है। अत: कथन 1 सही है।
- हीलियम की खोज  वर्ष 1868 में फ्राँसीसी खगोलशास्त्री पियरे जानसेन (Pierre Janssen) द्वारा सूर्य के आसपास के गैसीय वातावरण में की गई थी।
- वर्ष 1906 में मॉरिस ट्रैवर्स नामक एक युवा अंग्रेज़ ने केरल के समुद्र तट पर बहुतायत में उपलब्ध मोनाज़ाइट रेत को गर्म करके थोड़ी मात्रा में हीलियम निकाला था।

नोट :

- भारत के झारखंड राज्य में अवस्थित राजमहल ज्वालामुखी बेसिन (Rajmahal Volcanic Basin) में अरबों वर्षों (सूर्य से पृथ्वी की उत्पत्ति के समय से) से हीलियम का संचित भंडार विद्यमान है। अत: कथन 2 सही है।

- यह पता चलने के बाद कि अमेरिका के ग्रेट प्लेंस में बड़ी मात्रा में हीलियम संचित है, अमेरिका विश्व में हीलियम का सबसे महत्त्वपूर्ण निर्यातक देश बन गया।
    - मिसिसिपी नदी तथा रॉकीज़ पर्वतों के बीच उत्तर से दक्षिण तक फैला मैदान ग्रेट प्लेंस कहलाता है।
  - जल्द ही यह महसूस किया गया कि अमेरिका के पास भी हीलियम का एक बड़ा भंडार है।
  - कतर हीलियम का एक संभावित निर्यातक देश है लेकिन जटिल राजनीतिक और कूटनीतिक उलझनों ने हीलियम के निर्यात हेतु कतर की स्थिति को अविश्वसनीय बना दिया है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने सूचीबद्ध संस्थाओं द्वारा पेश की जाने वाली 'बिज़नेस सस्टेनेबिलिटी रिपोर्टिंग' के लिये नई आवश्यकताओं को प्रस्तुत करने का निर्णय लिया है।
- इस नई रिपोर्ट को 'बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट' (BRSR) कहा जाएगा और यह मौजूदा बिज़नेस रिस्पॉन्सिबिलिटी रिपोर्ट (BRS) का स्थान लेगी। अत: विकल्प (A) सही है।
- BRSR जो कि पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) के दृष्टिकोण पर आधारित एक रिपोर्ट है, का उद्देश्य व्यवसायों को अपने हितधारकों के साथ अधिक सार्थक रूप से संलग्न करने में सक्षम बनाना है।
- यह व्यवसायों को विनियामक वित्तीय अनुपालन करने और उनके सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभावों पर रिपोर्ट करने के लिये प्रोत्साहित करेगा।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिये स्वैच्छिक आधार पर और वित्तीय वर्ष 2022-23 से अनिवार्य आधार पर BRSR शीर्ष 1000 सूचीबद्ध संस्थाओं (बाज़ार पूंजीकरण द्वारा) पर लागू होगा।

55.

उत्तर : D

व्याख्या :

- 'नेट ज़ीरो उत्सर्जन' से तात्पर्य है कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (GHGs) उत्पादन और वायुमंडल के बाह्य क्षेत्र के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन के बीच एक समग्र संतुलन प्राप्त करना। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत पर वर्ष 2050 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने का वैश्विक दबाव है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

56.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्रीय सूचना आयोग की स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम (Right to Information Act), 2005 के प्रावधानों के अंतर्गत वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। यह संवैधानिक निकाय नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इस आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त तथा अधिकतम 10 केंद्रीय सूचना आयुक्तों का प्रावधान है और इनकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
  - इन आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बनी समिति की अनुशंसा पर की जाती है, जिसमें लोकसभा में विपक्ष का नेता और प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत कैबिनेट मंत्री बतौर सदस्य होते हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- ऐसे पदों हेतु मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित या 65 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो) तक पद धारण करेंगे। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

- इनकी पुनर्नियुक्ति नहीं की जा सकती है।
- सूचना का अधिकार (संशोधन) अधिनियम, 2019 में प्रावधान है कि मुख्य सूचना आयुक्त (Chief Information Commissioner) और सूचना आयुक्तों का कार्यकाल केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
  - इनका कार्यकाल इस संशोधन से पहले 5 वर्ष का था।

57.

उत्तर- B

व्याख्या :

- हाल ही में विश्व बैंक द्वारा वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2021 : डेटा फॉर बेटर लाइव्स का प्रकाशन किया गया।
- वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट का नवीनतम संस्करण 2021 विकास के लिये डेटा की शक्ति का दोहन या उपयोग करने हेतु एक खाका प्रदान करता है, ताकि कोई भी पीछे न रह जाए। अत: विकल्प (B) सही है।

58.

उत्तर: D

व्याख्या:

- अफ्रीकी हाथियों की दो उप-प्रजातियाँ हैं, सवाना (या बुश) हाथी और वन हाथी। अत: कथन 1 सही है।
  - इन दोनों में सवाना हाथी बड़े होते हैं।
  - वन हाथी का प्राकृतिक वितरण अत्यधिक सीमित है। इसलिये इसकी आबादी में गिरावट विशेष रूप से चिंता का विषय है।
  - यदि सवाना हाथी की आबादी को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए तो उनकी आबादी में फिर से बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि वन हाथी के मामले में यह बढ़ोतरी काफी धीमी है।
  - अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (International Union for Conservation of Nature- IUCN) द्वारा अफ्रीकी वन हाथी और अफ्रीकी सवाना (या बुश) हाथियों को क्रमश: गंभीर संकटग्रस्त'(Critically Endangered) और 'संकटग्रस्त' (Endangered) घोषित किया गया है।अत: कथन 2 सही है।
  - इससे पहले अफ्रीकी हाथियों को एक ही प्रजाति के रूप में माना जाता था, जिसे सुभेद्य (Vulnerable) प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। यह पहली बार है जब IUCN की रेड लिस्ट में इनका दो अलग-अलग प्रजातियों के रूप में मूल्यांकन किया गया है।
- अफ्रीकी हाथी पृथ्वी पर सबसे बड़े भू-जानवर (Land Animals ) हैं। ये एशियाई हाथियों से थोड़े बड़े आकार के होते हैं।
  - अफ्रीकी हाथियों की सूँड़ के अंत में दो अंगुलीनुमा संरचनाएँ पाई जाती हैं, जबकि एशियाई हाथियों की सूँड़ में यह सिर्फ एक ही उभार के रूप में होता है।
- हाथी मातृसत्तात्मक होते हैं, अर्थात् समूह का नेतृत्व मादा द्वारा किया जाता है।
- अफ्रीकी हाथी एक कीस्टोन प्रजाति (keystone Species) है, जिसका अर्थ है कि वे अपने पारिस्थितिकी तंत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिसे "पारिस्थितिक तंत्र इंजीनियर" (Ecosystem Engineers) के रूप में भी जाना जाता है। हाथियों द्वारा कई तरीकों से अपने निवास स्थान को आकार दिया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
- हाथियों की गर्भावस्था (लगभग 22 महीने) किसी भी अन्य स्तनपायी की तुलना में अधिक लंबी होती है। यह हाथियों के संरक्षण को और चुनौतीपूर्ण बना देता है, क्योंकि अवैध शिकार के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई के लिये जन्म लेने वाले हाथियों की संख्या काफी कम होती है।

59.

उत्तर: A

व्याख्या:

- अर्थ ऑवर वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर (WWF) की एक पहल है जिसका आयोजन वार्षिक रूप से किया जाता है। यह कार्यक्रम पहली बार वर्ष 2007 में सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- इसका आयोजन मार्च महीने के अंतिम शनिवार को किया जाता है।
- इस कार्यक्रम के तहत 180 से अधिक देशों के लोगों को उनके स्थानीय समय के अनुसार रात 8.30 से रात 9.30 बजे तक लाइट्स ऑफ करने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है।

- इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा ऊर्जा संरक्षण के लिये गैर-ज़रूरी प्रकाश के उपयोग से बचने के लिये प्रोत्साहित करना है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रभाव:
  - अर्थ ऑवर सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव के लिये एक उत्प्रेरक बन गया है, जो लोगों की शक्ति और सामूहिक कार्रवाई का उपयोग करते हुए प्रमुख विधायी परिवर्तन ला रहा है।
  - उदाहरण के लिये इसने निम्नलिखित कार्यों में मदद की है:
    - अर्जेंटीना में 3.5 मिलियन हेक्टेयर समुद्री-संरक्षित क्षेत्र के निर्माण में।
    - वर्ष 2014 में गैलापागोस में सभी तरह के प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने में।
    - कज़ाखस्तान में 17 मिलियन वृक्ष लगाने में।
    - भारत और फिलीपींस में सौर ऊर्जा के साथ घरों को रोशन करने में।
    - रूस में समुद्रों और जंगलों के संरक्षण के लिये नए कानून को लागू करने में।

60.

उत्तर: B

व्याख्या:

- कत्यूरी राजा वर्तमान भारत के उत्तराखंड राज्य में एक मध्यकालीन शासक कबीले थे। उन्होंने इस क्षेत्र पर 700 से 1200 शताब्दी के मध्य शासन किया जो अब कुमाऊँ के रूप में जाना जाता है। अत: युग्म 1 सही नहीं है।
- जेजाकभुक्ति के चंदेल मध्य भारत में एक शाही राजवंश थे। उन्होंने 9वीं और 13वीं शताब्दी के मध्य बुंदेलखंड क्षेत्र पर शासन किया। अत: युग्म 2 सही है।
- पाल साम्राज्य भारतीय उपमहाद्वीप का एक शाही एवं शक्तिशाली राजवंश था, जिसकी उत्पत्ति बंगाल क्षेत्र में हुई । अत: युग्म 3 सही है।

61.

उत्तर: D

व्याख्या

- यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है, जिसे वर्ष 2014-15 में देश में थीम आधारित पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास हेतु शुरू किया गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - वर्तमान में 15 थीम आधारित सर्किट हैं - बौद्ध, तटीय क्षेत्र, रेगिस्तान, पर्यावरण, विरासत, हिमालयन क्षेत्र, कृष्ण, उत्तर-पूर्व, रामायण, ग्रामीण क्षेत्र, आध्यात्म, सूफी, तीर्थंकर, आदिवासी और वन्यजीव।
  - थीम आधारित पर्यटन सर्किट का विकास पर्यटक अनुभव में वृद्धि करने, रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने हेतु उच्च पर्यटक मूल्य, प्रतिस्पर्द्धा और स्थिरता के एकीकृत सिद्धांतों के आधार पर किया जाता है।
- पर्यटन मंत्रालय इस योजना के तहत सर्किट की अवसंरचना के विकास के लिये राज्य सरकारों/केंद्रशासित प्रदेशों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

62.

उत्तर: C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (National Aeronautics and Space Administration- NASA) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (Indian Space Research Organisation- ISRO) संयुक्त रूप से NISAR

नामक SUV के आकार के उपग्रह को विकसित करने हेतु कार्य कर रहे हैं। यह उपग्रह एक टेनिस कोर्ट के लगभग आधे क्षेत्र में 0.4 इंच से भी छोटी किसी वस्तु की गतिविधि का अवलोकन करने में सक्षम होगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- निसार: यह नासा-इसरो-एसएआर (NASA-ISRO-SAR) का संक्षिप्त नाम है।
    - SAR, सिंथेटिक एपर्चर रडार (Synthetic Aperture Radar) को संदर्भित करता है जिसका उपयोग नासा द्वारा पृथ्वी की सतह में होने वाले परिवर्तनों को मापने में किया जाएगा।
    - यह उच्च-रिज़ॉल्यूशन छवियों को प्राप्त करने वाली एक तकनीक को संदर्भित करता है। अपनी सटीकता के कारण यह बादलों और अंधेरे को भी भेदने में सक्षम है, जिसका अर्थ है कि यह किसी भी मौसम में दिन और रात, किसी भी समय डेटा एकत्र करने में सक्षम है।
- इस उपग्रह को वर्ष 2022 में श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश) स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एक ध्रुवीय कक्षा में लॉन्च किया जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- नासा, उपग्रह में प्रयोग किये जाने हेतु एक रडार, विज्ञान डेटा, जीपीएस रिसीवर और एक पेलोड डेटा सब-सिस्टम के लिये उच्च दर संचार उपतंत्र प्रदान करेगा।
    - निसार, नासा द्वारा लॉन्च किये गए अब तक के सबसे बड़े रिफ्लेक्टर एंटीना (Reflector Antenna) से लैस होगा।
- इसरो द्वारा स्पेसक्रॉफ्ट बस (अंतरिक्षयान बस), दूसरे प्रकार के रडार (जिसे S- बैंड रडार कहा जाता है), लॉन्च वाहन और संबद्ध लॉन्च सेवाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी। अत: कथन 3 सही है।

63.

उत्तर: D

व्याख्या

- खजुराहो समूह के मंदिर अपनी नागर स्थापत्य शैली और कामुक मूर्तियों के लिये प्रसिद्ध है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - यह देश के 19 चिह्नित प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों में से एक है।
- खजुराहो समूह के स्मारक को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
- खजुराहो के अधिकांश मंदिरों का निर्माण 885 ईस्वी से 1050 ईस्वी के बीच चंदेल राजवंश द्वारा किया गया था। अत: कथन 2 सही नहीं है।

64.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत और जापान की रक्षा सेनाओं के बीच जिमेक्स (नौसेना), शिन्यु मैत्री (वायु सेना) और धर्म गार्जियन (सेना) नामक द्विपक्षीय अभ्यासों की एक श्रृंखला आयोजित की जाती है।
- दोनों देश संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास (नौसेना अभ्यास) में भी भाग लेते हैं (मालाबार द्विपक्षीय अभ्यास नहीं है)।

अत: विकल्प (D) सही है।

65.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केप ऑफ गुड होप (Cape of Good Hope) दक्षिण अफ्रीका (South Africa) के केप प्रायद्वीप (Cape Peninsula) पर अटलांटिक के तट पर एक चट्टानी हेडलैंड (Headland) है।
    - हेडलैंड अर्थात् रास, प्रायद्वीप का एक प्रकार है। यह सागर में भूमि का एक उभरा हुआ भाग होता है जो तीन ओर से पानी से घिरा होता है।
- केप ऑफ गुड होप मार्ग पूर्वी एशिया और यूरोप को अफ्रीका के दक्षिणी भागों से जोड़ता है।

- वर्ष 1869 में स्वेज़ नहर का संचालन शुरू होने से भूमध्य सागर से हिंद महासागर की दूरी काफी कम हो गई, जिसके चलते अफ्रीका के आस-पास से होकर जाने वाले लंबे मार्ग का उपयोग कम हो गया।
- केप ऑफ गुड होप मार्ग, स्वेज़ नहर मार्ग से 8900 किमी. लंबा है जिसे पूरा करने में अतिरिक्त दो सप्ताह का समय लगता है।

- एक गलत अवधारणा यह है कि केप ऑफ गुड होप अफ्रीका का दक्षिणी छोर है।
- समकालीन भौगोलिक जानकारी के अनुसार, अफ्रीका का सबसे दक्षिणी बिंदु केप अगुलहास है जो पूर्व और दक्षिण-पूर्व में लगभग 150 किमी. दूर स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
- अगुलहास की गर्म जलधारा (हिंद महासागर) बेंगुला की ठंडी जलधारा (अटलांटिक महासागर) से केप-अगुलहास और केप प्वाइंट (केप ऑफ गुड होप से लगभग 1.2 किमी. पूर्व) के मध्य मिलती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

दृष्टि The Vision

नोट :